**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) बाराबंकी।**

पत्रांक 3589 / टाप-25 / 90 दिनांक 15-5-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
लखनऊ।

विषयः— **दैनिक समाचार पत्र 'दैनिक भास्कर' में प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र 'दैनिक भास्कर' में प्रकाशित खबर **'बाराबंकी में जल जीवन मिशन सड़क पर गहरे गड्ढे: अजपुरा गांव में पाइप लाइन के बाद मरम्मत नही, हादसे का डर'** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि अजपुरा पेयजल योजना, विकास खण्ड हरख में योजनान्तर्गत वितरण प्रणाली बिछाये जाने हेतु खोदी गयी इण्टरलाकिंग की मरम्मत का कार्य पूर्ण करा दिया गया है।







आख्या सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय,

(अमित कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।**

**प्रतिलिपि**—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1— अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2— मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3— अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या।
4— जिलाधिकारी, बाराबंकी।
5— मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी।
6— जिला सूचना अधिकारी, बाराबंकी।
7— श्री पियूष शुक्ला, सहा0अभि0(एस0डब्लू0एस0एम0)।
8— प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 पी0एन0सी0।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

# बाराबंकी में जल जीवन मिशन सड़क पर गहरे गड्ढे:अजपुरा गांव में पाइपलाइन के बाद मरम्मत नहीं, हादसे का डर

**सत्येंद्र कुमार | हरख (नवाबगंज), बाराबंकी2 घंटे पहले**



बाराबंकी जिले के अजपुरा गांव में जल जीवन मिशन के तहत खोदी गई सड़कों पर गहरे गड्ढे बन गए हैं। इन गड्ढों के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है।

यह समस्या पूरे गांव में पाइपलाइन बिछाने के लिए की गई सड़क की खुदाई के कारण उत्पन्न हुई है। पाइपलाइन डालने के बाद सड़कों को भरा तो गया, लेकिन उनकी उचित मरम्मत नहीं की गई, जिसके परिणामस्वरूप जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं।



Scanned with OKEN Scanner

ग्रामीणों के अनुसार, इन सड़कों से स्कूली वाहनों सहित प्रतिदिन सैकड़ों लोग गुजरते हैं। कई बार लोग इन गड्ढों में गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। भूपेंद्र यादव, रामानंद यादव, मो. सलीम, इंद्राज रावत और मो. मेराज जैसे ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार ग्राम प्रधान से इसकी शिकायत की है।

ग्राम प्रधान रामफेर रावत ने जानकारी दी कि उन्होंने इस समस्या से जल निगम के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया है, लेकिन अभी तक इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है।

इस संबंध में जूनियर इंजीनियर मोहम्मद मिनहाज नोमानी से बात की गई। तो पहले उन्होंने शादी-विवाह का सीजन होने के कारण मजदूर नहीं मिल पाने का हवाला दिया । और बाद मे उन्होंने स्वीकार किया कि मामला उनके संज्ञान में है और इसे आज ही ठीक करा दिया जाएगा।

Scanned with OKEN Scanner